नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ

नशा मुक्ति का संदेश देते प्रज्ञा ग्रुप के सदस्य और नगर आयुक्त।

संदेश वाहक, शाहजहांपुर। बिजलीपुरा में प्रज्ञा ग्रुप द्वारा आयोजित एक युद्ध नशा विरुद्ध कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने प्रतिभाग कर उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति के सम्बंध में शपथ ग्रहण कराई गई। अपने सम्बोधन के दौरान कहा कि अगर देश के युवा ही गलत रास्ते पर जाने लगे तो उनका भविष्य अंधकार में हो जाता है। आज देश के युवा जिन्दगी के हर पहलु को जीने की इच्छा होती है और युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझने लगता है।

नशा मनुष्य के जीवन के लिये अत्यन्त घातक है तथा इसका दुष्प्रभाव सम्बंधित व्यक्ति के परिवार पर भी पड़ता है। इस कार्यक्रम नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के साथ अधिशासी अभियन्ता आशीष त्रिवेदी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह एवं प्रज्ञा ग्रुप के संचालन पवन तथा गणमान्य नागरिक ओमकार मनीषी आदि उपस्थित रहे।